राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(ग्रुप–3, नरेगा)

क्रमांक एफ 4(40)आरडी/नरेगा/ट्री./आईजीपीआरएस/पार्ट–II/09–10 जयपुर, दिनांक 15/9/09.

जिला कलक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक,
राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना
समस्त राजस्थान।

विषयः **सामाजिक अंकेक्षण विषय पर DRPs एवं BRPs का एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं तत् पश्चात् भीलवाडा जिले में वास्तविक सामाजिक अंकेक्षण बाबत।**
संदर्भः **इस विभाग का पत्र कमांक नि.स./शास/ग्रावि/नरेगा/ दिनांक 03.08.09**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के कम में निवेदन है कि दिनांक 24.09.09–25.09.09 एवं दिनांक 26.09.09 को तीन चरणों में समस्त राज्य के जिला स्तरीय व्यक्तियों (DRPs) एव ब्लांक स्तरीय संदर्भ व्यक्तियों (BRPs) का एक दिवसीय सामाजिक अंकेक्षण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, इन्दिरागांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर में चरणवाईज निम्नानुसार आयोजित किए जायेगे :–

क्र. स.	चरण	प्रशिक्षण में भाग लेने वाले संभागीयो का विवरण	संभाग एवं संभाग के जिले	संभागीयो की संख्या	प्रशिक्षण की दिनांक
1	2	3	4	5	6
1.	प्रथम चरण	1. DRPs प्रत्येक जिले से 4 4 X 11(जिले) = 44 2.BRPs प्रत्येक प.स. (जिले की) से 4 4 X 90 (प.स.) = 360	जोधपुर संभाग जोधपुर संभाग के जिले 1 बाडमेर 2 जैसलमेर 3 जालौर 4 जोधपुर 5 पाली 6 सिरोही जयपुर संभाग जयपुर संभाग के जिले 1 झुन्झुनू 2 सीकर 3 दौसा 4 जयपुर 5 अलवर	404	24.09.09
2.	द्वितीय चरण	1. DRPs प्रत्येक जिले से 4 4 X 10 (जिले) = 40 2.BRPs प्रत्येक प.स. (जिले की) से 4 4 X 83 (प.स.) = 332	अजमेर संभाग अजमेर संभाग के जिले 1 अजमेर 2 नागौर 3 भीलवाडा 4 टोंक उदयपुर संभाग उदयपुर संभाग के जिले 1 बांसवाडा 2 चित्तौडगढ 3 डूगरपुर 4 प्रतापगढ 5 राजसंमद 6 उदयपुर	372	25.09.09

3.	तृतीय चरण	1. DRPs प्रत्येक जिले से 4 4 X 12 (जिले) = 48 2.BRPs प्रत्येक प.स. (जिले की) से 4 4 X 66 (प.स.) = 264	<u>बीकानेर संभाग</u> बीकानेर संभाग के जिले 1 बीकानेर 2 हनुमानगढ 3 चूरू 4 गंगानगर <u>कोटा संभाग</u> कोटा संभाग के जिले 1 बांरा 2 झालावाड 3 बून्दी 4 कोटा <u>भरतपुर संभाग</u> भरतपुर संभाग के जिले 1 धौलपुर 2 करौली 3 भरतपुर 4 स0 माधोपुर	312	26.09.09

उपरोक्त एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पश्चात् तीनों चरणों में प्रशिक्षित किये गये सभी प्रशिक्षित व्यक्ति DRPs एवं BRPs दिनांक 3.10.09 से 12.10.09 तक भीलवाडा जिले के गॉवो में पदयात्रा कर सामाजिक अंकेक्षण के प्रति सामाजिक अंकेक्षण मंच के सदस्यों एवं गॉव वासियों को जागरूक करेगे, सामाजिक अंकेक्षण करना सिखायेंगे तथा वास्तविक सामाजिक अंकेक्षण में मदद करेगे। ताकि सामाजिक अंकेक्षण मंच के सदस्य एवं आम जन सामाजिक अंकेक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेगे। महत्व को जान सकेगे। सामाजिक अंकेक्षण में दक्ष हो सकेगे।

आपने DRPs एवं BRPs का पैनल संदर्भित पत्र के अनुसार बना लिया होगा। इस क्रम में पुनः अनुरोध है कि DRPs एवं BRPs की शैक्षणिक योग्यता स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर से कम न हो, प्रशिक्षण में रूची रखते हो, प्रशिक्षण में जब भी उनकी आवश्यकता हो प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समय दे सके, देश व समाज सेवा में रूचि रखते हो, जहा तक हो ग्रामीण पृष्ठ भूमि के हो, **पदयात्रा करने में सक्षम एवं तत्पर हो।** उन्हें ही उक्त प्रशिक्षण हेतु भिजवाना सुनिश्चित करावे।

निर्धारित चरण वाईज संभाग के जिले अनुसार निर्धारित दिनांक को इन्दिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जयपुर में आयोजित उक्त एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रातः 9.30 बजे अपने जिले के DRPs एवं BRPs को उपस्थित होने के लिए कृपया निर्देशित करने का श्रम करे।

भवदीय

(रामनिवास मेहता)
परियोजना निदेशक, (ईजीएस)

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. विशिष्ट सहायक, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री महोदय।
2. निजि सचिव, प्रमुख शासन सचिव, ग्राविपराविं।
3. निजि सचिव, आयुक्त, ईजीएस।
4. निजि सचिव, निदेशक, इंदिरागांधी पंचातयी राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान
5. अतिरिक्त कार्यक्रम समन्वयक (नरेगा) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद समस्त।
6. रक्षित पत्रावली।

परियोजना निदेशक, (ईजीएस)